# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 26** **अक्तूबर-दिसंबर 2020**

**प्रधान संरक्षक**

**श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**संरक्षक**

**श्रीमती अर्चना नायक**

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**संकल्पना और संपादन**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

## दिनांक 24.12.2020 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

दिनांक 27-10-2020 से दिनांक 02-11-2020 तक केंद्रीय कर और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है । दिनांक 02-11-2020 को केंद्रीय कर, बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु द्वारा वेबिनार के माध्यम से समापन समारोह मनाया गया है ।

भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी कार्यों में तत्परता और पादर्शिता लाने के संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 27-10-2020 को शपथ लेने के साथ-साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई ।

इस उपलक्ष्य में द्विभाषी बैनर्स और पोस्टर्स सभी आयुक्तालयों के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित भी किए गएं । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आचरण के एक अंश के रूप में निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं ।


बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु के प्रधान आयुक्त श्री अजय सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया । श्री एम. श्रीनिवास, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया । श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । केंद्रीय कर, पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु की अपर आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।



## केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक में आयोजित हिंदी प्रतियोगितओं पर एक रिपोर्ट


केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के कनार्टक में स्थित सभी आयुक्तालयों के लिए दिनांक 14.09.2020 को हिंदी दिवस ऑनलाइन पर संयुक्त रूप से मनाया गया था ।


केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार के आदेश पर दिसंबर, 2020 माह के दौरान हिंदी सप्ताह मनाया गया जिसके अंतर्गत हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । दोनों केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के लिए पृथक रूप से दिनांक 21.12.2020 से दिनांक 29.12.2020 तक हिंदी की प्रतियोगिताएं, जैसे हिंदी कविता पाठ(स्व रचित), हिंदी आशुभाषण तथा हिंदी गीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के अधीन बेंगलूरु में स्थित आयुक्तालयों में कार्यरत अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।




दिनांक 21.12.2020 को आयोजित हिंदी कविता पाठ(स्व रचित) प्रतियोगिता में सरकारी कला महाविश्वविद्यालय, बेंगलूरु के सह-प्रोफेसर डॉ.प्रभु उपासे निर्णायक के रूप में उपस्थित थे।


दिनांक 22.12.2020 को आयोजित हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता में हिंदी शिक्षण योजना, चेन्नै के सहायक निदेशक श्री कोमल सिंह चौधरी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे ।





दिनांक 29.12.2020 को आयोजित हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता में दूरदर्शन केंद्र, बेंगलूरु के सेवानिवृत्त हिंदी अधिकारी डॉ.एम. वरदराज निर्णायक के रूप में उपस्थित थे ।





दिनांक 26 नवंबर, 2020 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा संविधान दिवस मनाया गया ।










# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 24.12.2020 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत कार्यकारी सहायक एवं कर सहायकों के संवर्ग के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से **ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला** का आयोजन किया गया । अपने उद्घाटन भाषण में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त सुश्री अर्चना नायक ने कहा कि “कार्यकारी सहायक एवं कर सहायक ही राजभाषा कार्यान्वयन के मूल स्तंभ हैं और इस कार्यशाला के बाद सभी प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में करेंगे” । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में सी.ए.आई.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश व्याख्यानदाता थे, जिन्होंने "*टिप्पण एवं आलेखन पर* " पर प्रकाश डाला । तथा अपराह्न के दोनों सत्र में हिंदी शिक्षण योजना, चेन्नै के सहायक निदेशक श्री कोमल सिंह चौधरी ने "*कार्यालयीन हिंदी का स्वरूप और विभिन्न पत्राचार के रूप* " पर व्याख्यान दिया ।

दिनांक 23 अक्तूबर, 2020 के सायं 04:30 बजे को आई.आर.एस. संगठन (कर्नाटक चैप्टर) द्वारा सुप्रसिद्ध गायक श्री लक्की अली के साथ एक अनोखा कार्यक्रम ‘एक्सचैंज’ का आयोजन किया गया ।



इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**